# भाषांतर तथ्य-पत्र

एक प्रशिक्षित दुभाषिया तथा एक अप्रशिक्षित दुभाषिया, जैसे कि कोई मित्र या पारिवारिक सदस्य के बीच क्या अन्तर है?

| |
|---|
| एक प्रशिक्षित दुभाषिया सब कुछ **गुप्त** रखेगा। वे **इस बारे में कोई बात नहीं करेंगे** कि आपकी मुलाकात में क्या कुछ हुआ - वे यह भी किसी को नहीं बताएंगे कि उन्होंने आपके लिए भाषांतर किया था। |

इनमें अन्य भी कई भेद हैं :

| **एक प्रशिक्षित दुभाषिया** | **एक अप्रशिक्षित दुभाषिया** |
|---|---|
| • गोपनीयता को बनाए रखने हेतु नीति आचार संहिता से बंधा हुआ | • किसी नीति आचार संहिता से बंधा हुआ नहीं, जिसका अर्थ यह है कि वे आपके गुप्त विवरण किसी अन्य को भी बता सकते हैं |
| • जो कुछ भी कहा गया है, वह सब संपूर्ण व पूर्णतया ठीक ढंग से आगे बताता है, ऐसा नहीं कि केवल मुख्य बिन्दु ही बताए परन्तु प्रत्येक विवरण आगे समझाता है | • अवश्य नहीं कि वह सभी मुख्य बिन्दु व विवरण ठीक-ठीक आगे बताए, जिस के कारण मुख्य विषय में कोई महत्वपूर्ण बिगाड़ भी आ सकता है। |
| • वह बोलने के ढंग एवं प्रत्येक सूक्षमता को भी बताएगा, भावनाओं को बताएगा उदाहरणतया आरक्षण, शक, आपत्ति, स्वीकृति | • सफ़ाई करने को एवं कुछ सजावटी परिवर्तन करने को रुचित, अधिक लाभदायक जानकारी को हटा देता है |
| • यदि उन्हें समझ नहीं आता हो तो वह आपको बताएगा तथा स्पष्टीकरण मांगेगा | • धोखा दे सकते हैं या जो जानकारी उन्हें समझ में नहीं आती अथवा जो उन्हें अधिक जटिल या तकनीकी लगती है, उसे छोड़ सकते हैं |
| • यथार्थता को सुनिश्चित बनाने हेतु नोट्स लिखेगा | • पूर्णतया अल्पकालिक स्मरण शक्ति पर निरभर रहने हेतु रुचित रहता है, ऐसी संपूर्णता विशेष प्रशिक्षण के बिना संभव नहीं हो पाती |
| • यथार्थता को सुनिश्चित बनाने हेतु आपको रोक कर स्पष्टीकरण देने के लिए कह सकता है या आपको अपनी बात दोहराने हेतु कह सकता है | • सुनने में वह फर्राटेदार ढंग से बोलता हुआ लग सकता है क्योंकि वे स्पष्टीकरण हेतु या तथ्यों का निरीक्षण करने हेतु रुकते नहीं हैं |
| • वह अपनी सीमाओं संबंधी सदैव जागरूक रहता है और निष्पक्ष रहता है। अतः वह निजी विचार या सलाह नहीं देगा और केवल भाषांतर करेगा, इसके अतिरिक्त और कोई अन्य कार्य नहीं। | • अपनी सीमाओं संबंधी जागरूक नहीं रहता, तथा निजी विचार या सलाह दे सकता है, अथवा अन्य भुमिकाएं निभा सकता है, जैसे कि परिवहन प्रदान कर सकता है। |
| • जिस का भाषांतर करना होता है, उस क्षेत्र का उसे विशेष प्रशिक्षण प्राप्त होता है | • उसे कोई विशिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त नहीं होता। |

**किसी अप्रशिक्षित दुभाषिए की सेवाएं ले कर या अपने किसी पारिवारिक सदस्य का अपने लिए दुभाषिया के तौर पर उपयोग करके स्वयं को या अपने परिवार को ख़तरे में न डालें।**

**आपके क्या अधिकार हैं?**

अनेक परिस्थितियों में आपको किसी दुभाषिए की सेवाएं मांगने का अधिकार है।

- जब आप सरकारी अधिकारियों, अस्पतालों, न्यायालयों व पुलिस के साथ निपटते हैं तो आपको किसी व्यावसायिक दुभाषिए की सेवाएं लेने का अधिकार है। अतः, घबराएं नहीं अथवा किसी प्रशिक्षित दुभाषिए के लिए कहते समय शर्माएं नहीं।
- आप यह भी बता सकते हैं कि आपको दुभाषिया आपके सामने चाहिए या किसी दूरभाष दुभाषिए से आपका काम चल सकता है। कोई लंबा या जटिल परामर्श लेते समय अथवा किसी भावनात्मक स्थिति में आपको किसी दूरभाष दुभाषिए की सेवा लेने की सलाह नहीं दी जाती।
- चाहे आपकी अंग्रेज़ी अच्छी हो सकती है, तो भी आपको अपनी स्वयं की भाषा का प्रयोग करने का अधिकार है, जिस में लोग स्वयं को हमेशा बेहतर ढंग से प्रकट कर पाते हैं। अनेकों परिस्थितियों में, आप अंग्रेज़ी भाषा का प्रयोग करते हुए आत्म-विश्वास से भरे हुए अनुभव नहीं कर सकते, या आप मैडिकल या कानूनी भाषा नहीं जान पाते, अथवा आप किसी व्यावसायिक के उच्चारण को नहीं समझ सकते।

**आपको कोई दुभाषिया कैसे मिल सकता है?**

- किसी अंग्रेज़ी-भाषी व्यावसायिक से मिलते समय, पहले ही किसी व्यावसायिक दुभाषिए की सेवाओं को सुनिश्चित बनाएं। यह एजेन्सी की ज़िम्मेदारी होती है कि वह किसी दुभाषिए की व्यवस्था करती है, तथा अधिकतर मामलों में, वही किसी दुभाषिए की सेवाओं हेतु भुगतान भी करती है।

**यदि आपका भाषांतर संबंधी बुरा अनुभव हुआ हो तो आप क्या करते हैं?**

- कृपया शिकायत करें। यदि आप शिकायत नहीं करते तो कुछ भी नहीं बदलेगा तथा आपके समुदाय में अन्य लोग भी प्रभावित होंगे तथा किसी को कुछ पता नहीं चलेगा। यदि आप कोई परिवर्तन लाते हैं, तो आपके समुदाय में तथा अन्य समुदायों में सबको लाभ पहुंचेगा।
- यदि आप किसी स्वास्थ्य स्थिति में किसी दुभाषिए से असंतुष्ट हैं, तो आप स्वास्थ्य एवं विकलांगता आयुक्त को शिकायत कर सकते हैं। आप उनकी विवरणिका "शिकायतें करना व सुलझाना" का अनुवादित संस्करण प्राप्त कर सकते हैं, अथवा उनकी वैबसाईट http://www.hdc.org.nz/complaints से अपनी भाषा में अपने अधिकार सुन सकते हैं।

**कृपया अपने समुदाय में यह जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को दें।**

किसी दुभाषिए हेतु निवेदन करने के लिए यह पृष्ठ लें:

| | |
|---|---|
| I speak Hindi | मैं (हिन्दी) भाषा बोलता /बोलती हूं |
| I need an interpreter, preferably | मुझे एक दुभाषिया चाहिए, यह श्रेष्ठ रहेगा |
| ☐ Onsite | ☐ स्थान पर |
| ☐ Telephone | ☐ दूरभाष |

और अधिक जानकारी हेतु, कृपया संपर्क करें:


दूरभाषः (04) 384 2849 अथवा 0508 468 3777

ई-मेलः info@interpret.org.nz

भाषांतर न्यू ज़ीलैण्ड की वैबसाईटः www.interpret.org.nz पर जाएं